तापमान
अधिकतम 26.2 डिग्री
न्यूनतम 12.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 24 दिसंबर 2025

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

14 लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश



14 सावित्रीपुर टीम ने जीती इ्यूज गेंद क्रिकेट प्रतियोगिता



# आमाबेड़ा घटना के विरोध उतरा सर्वसमाज, आज बंद का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

आमाबेड़ा में घटित घटना के विरोध में और पीड़ितों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर आज संपूर्ण छत्तीसगढ़ बंद का आव्हान किया गया है। इसी कड़ी में सर्वसमाज महासमुंद द्वारा जिला मुख्यालय में शांतिपूर्ण बंद, विरोध प्रदर्शन और रैली का आयोजन किया जाएगा। प्रदर्शन के पश्चात मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा। सर्वसमाज के संयोजकों ने बताया कि आमाबेड़ा की घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। पीड़ितों के समर्थन में और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदेशव्यापी बंद का समर्थन करते हुए जिला मुख्यालय को भी बंद रखने का निर्णय लिया गया है।

इस बंद का उद्देश्य शासन-प्रशासन तक जनता के आक्रोश को पहुंचाना और पीड़ितों के लिए उचित न्याय व मुआवजे की मांग करना है। आमाबेड़ा में हुई घटना के विरोध में 24 दिसंबर को सर्वसमाज छत्तीसगढ़ द्वारा प्रदेशव्यापी छत्तीसगढ़ बंद का आव्हान को सफल बनाने एवं पीड़ितो के समर्थन में चेम्बर ऑफ कामर्स से भी समर्थन की अपील की गई है। समर्थन दिए जाने को लेकर अब तक स्पष्ट की स्थिति नही हो पाई है।

## जिला मुख्यालय में शांतिपूर्ण बंद, विरोध प्रदर्शन और रैली का होगा आयोजन

### सभा के बाद रैली का होगा आयोजन

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, आज सुबह से ही जिलामुख्यालय के व्यापारिक प्रतिष्ठानों को बंद रखने की अपील की गई है। बंद के दौरान शहर के प्रमुख लोहिया चौक पर सर्वसमाज के लोग एकत्रित होंगे, जहां एक विरोध सभा आयोजित की जाएगी। सभा में विभिन्न समाज के प्रमुख वक्ता घटना की निंदा करेंगे। सभा के उपरांत लोहिया चौक से एक विशाल रैली निकाली जाएगी। यह रैली शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचेगी। रैली के समापन पर सर्वसमाज का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के नाम कलेक्ट को ज्ञापन सौंपेगा।



### शांतिपूर्ण बंद की अपील

आयोजकों ने जिले के समस्त व्यापारियों, बस संचालकों, ऑटो संघ और आम नागरिकों से इस बंद को सफल बनाने का आग्रह किया है। सर्वसमाज के प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया है कि यह पूरा आंदोलन शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से होगा। आवश्यक सेवाओं जैसे अस्पताल, एंबुलेंस और मेडिकल स्टोर्स को इस बंद से मुक्त रखा गया है ताकि आम जनता को आपातकालीन स्थिति में कोई असुविधा न हो।

## खबर संक्षेप

### आग तापने के दौरान मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** आग तापने के दौरान एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में एक आरोपी के विरुद्ध बसना थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी पुनीराम लहरे पिता घासीराम लहरे (40 वर्ष) निवासी हेडसपाली ने बताया कि 21 दिसंबर को लगभग 10 बजे के आसपास में गांव में गुरुघासीदास जयंती कार्यक्रम हो रहा था, जिसमें देखने के लिए वह जैतखाम चौक गया हुआ था। जैतखाम के किनारे में कुछ लोग बैठकर आग ताप रहे थे, जिस पर वह भी आग तापने लगा। इसी दौरान एक छोटा लड़का भी आग तापने के लिए वहां पर आया, लेकिन आरोपी भीमा लहरे उस छोटे बच्चे को आग तापने नहीं दे रहा था और गाली दे रहा था। जिस पर उसने कहा कि बच्चे को आग तापने के लिए क्यो मना कर रहे हो, यह कहने पर भीमा लहरे के द्वारा मुझे गालियां और जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ में पहने चूड़ा से मारपीट किया। आरोपी के विरुद्ध धारा 296, 115(2), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### महुआ शराब बरामद

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने ग्राम बेलटिकरी में एक बाड़ी से हाथ भट्ठी महुआ शराब जब्त कर एक आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी शुकलाल चौहान पिता सहानी चौहान (35 साल) के कब्जे से कुल 35 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 7000/ रुपए को जब्त कर आरोपी के धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से दो लोगों की मौत

**महासमुंद।** अज्ञात वाहन की टक्कर से दो लोगों की मौत के मामले में सरायपाली थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि मृतक अश्वनी भोई पिता तिहारू भोई (36 साल) नवरंगपुर थाना सरायपाली एवं मृतक सोहनदास मानिकपुरी पिता स्व घासीदास मानिकपुरी (50 वर्ष) कोसमपाली हाल पता नवरंगपुर के मौत को लेकर जांच की गई। मर्ग जांच में पाया गया कि मृतक अश्वनी भोई 21 दिसंबर की शाम करीब 40 बजे अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीसी 6490 में सोहनदास मानिकपुरी के साथ अपने बच्चे का आधारकार्ड बनवाने ग्राम बिरकोल च्वाईस सेंटर गया था। शाम करीब 5:30 बजे ग्राम बिरकोल से अपने मोटर सायकल से सोहनदास मानिकपुरी के साथ वापस घर आ रहा था, ग्राम अमलीडीपा बिरकोल रोड रोहिना तालाब के पास पहुंचने पर सामने से अज्ञात पिकअप के चालक अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। मामले में अज्ञात वाहन के चालक के खिलाफ धारा धारा 106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## परेशानी: किसानों के लिए परेशानी का सबब बन गया धान खरीदी

# पोर्टल की तकनीकी खामी या सिस्टम की लापरवाही, भटक रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी तो शुरू हो गया है, लेकिन जिले के कई क्षेत्रों में किसानों के लिए यह अब परेशानी का सबब बन गया है। मामला जिले के पिथौरा और बागबाहरा विकासखंड एवं महासमुंद विकासखंड का है जहां सैकड़ों किसान अपनी मेहनत की उपज बेचने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं।

पिथौरा क्षेत्र के ग्राम गिरना निवासी किसान लोकनाथ बरिहा पिता बलीराम बरिहा ने बताया कि वे वर्षों से अपनी निजी लगानी भूमि पर धान बेचते आ रहे हैं, लेकिन इस वित्तीय वर्ष में गिरदावरी की त्रुटि के कारण उनके रकबे में धान की फसल दिखाई ही नहीं दे रही है। पिछले 25 दिनों से तहसीलदार, पटवारी और सहकारी समिति के बीच चक्कर काटने को मजबूर हैं। हर कोई दूसरे पर जिम्मेदारी डाल देता है। अगर धान नहीं बिका, तो बैंक से जो किसान क्रेडिट कार्ड से लोन लिया है, उसे पटाने एवं डिफाल्टर होने की चिंता बनी हुई हैं। यह समस्या केवल एक किसान तक सीमित नहीं है। बागबाहरा ब्लाक के ग्रामपंचायत नावाडीह के आश्रित ग्राम जुनवानी खुर्द सहित महासमुंद विकासखंड के ग्राम कांपा, अमावस, बेलटुकरी गांवों से आए किसान कविलास ध्रुव, मनोज चक्रधारी, माखन बरिहा, सियाराम, तुलाराम साहू, दुलेश्वर साहू, श्याम, नाथुराम साहू,अमरौतिन बरिहा, माखन साहू ने कलेक्टर जनदर्शन में अपनी गुहार लगाई है कि धान बोने के बावजूद रिकॉर्ड में फसल दर्ज नहीं की गई है। जब किसान सुधार के लिए पहुंच रहे हैं, तो उन्हें बताया जा रहा है कि पोर्टल बंद हो चुका है। तहसील कार्यालय और हल्का पटवारी स्तर पर सुनवाई नहीं हो रही है।



### डिफाल्टर होने का डर

किसानों की सबसे बड़ी चिंता आर्थिक है। जिले में अधिकांश छोटे और मध्यम वर्गीय किसान खेती के लिए केसीसी एवं जिला सहकारी बैंक के माध्यम से ऋण लेते हैं। धान बिक्री से मिलने वाली राशि से ही इस कर्ज की अदायगी होती है। यदि पंजीयन नहीं होता और धान की बिक्री नहीं होती, तो किसान न केवल ब्याज के जाल में फंसेंगे, बल्कि आगामी सीजन के लिए भी उन्हें ऋण मिलना मुश्किल हो जाएगा।

### कलेक्टर जनदर्शन में लगाई न्याय की गुहार

प्रभावित किसानों ने कलेक्टर को जनदर्शन में पहुंचकर त्वरित निराकरण की मांग की है। किसानों का कहना है कि जब सरकार किसान हितैषी होने का दावा करती है, तो तकनीकी कारणों या पोर्टल बंद होने का हवाला देकर किसानों को उनके अधिकार से वंचित क्यों किया जा रहा है। बंद पोर्टल को विशेष अनुमति के साथ दोबारा खोला जाए, ताकि त्रुटि सुधार हो सके। जिन किसानों की गिरदावरी में गलती हुई है, उनका भौतिक सत्यापन कर तत्काल पंजीयन सुनिश्चित हो। विलंब की स्थिति में केसीसी ऋण की अवधि बढ़ाई जाए या राहत दी जाए।

# जवान के परिजनों से मारपीट, जनदर्शन में न्याय की गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



एक ओर जहां भारतीय सेना का जवान अपनी जान हथेली पर रखकर सरहद पर देश की रक्षा कर रहा है, वहीं दूसरी ओर उसी जवान का परिवार अपने ही गांव में असुरक्षित है। पिथौरा तहसील के सांकरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पतेरापाली निवासी भारतीय थल सेना के जवान शब्बीर बारिक ने कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचकर अपने परिवार की सुरक्षा और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है।

जवान शब्बीर बारिक, जो पिछले 20 वर्षों से भारतीय सेना में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, ने बताया कि बीते 29 नवंबर को उनके परिवार पर जानलेवा हमला किया गया। आरोप है कि गांव के ही निवासी बिसीकेसन ठाकुर, कमलेश ठाकुर और शैलेष ठाकुर ने पुरानी रंजिश के चलते उनके माता-पिता और भाई पर उस समय हमला किया जब वे अपने कोठार में थे। जवान ने बताया कि अपराधियों ने कुल्हाड़ी और डंडों का उपयोग कर उनके परिजनों के सिर पर गंभीर चोटें पहुंचाईं। हमले की बर्बरता का आलम यह था कि अपराधियों ने गला दबाने और दांत से काटकर लहूलुहान करने जैसी अमानवीय हरकतें भी की। इस हमले में परिवार के सदस्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं और वर्तमान में भय के साये में जीने को मजबूर हैं।

### समझौते से बढ़ा अपराधियों का मनोबल

जवान शब्बीर बारिक का आरोप है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पूर्व भी उनके पिता को अकेला पाकर अपराधियों द्वारा पीटा गया था। उस समय भी सांकरा थाना में शिकायत दर्ज कराई गई थी, लेकिन, पुलिस द्वारा ठोस कार्रवाई करने के बजाय मामले में समझौता करा दिया गया। जवान का कहना है कि पुलिस की इसी ढुलमुल कार्यप्रणाली और ठोस कार्रवाई के अभाव में अपराधियों के हौसले बुलंद हो गए हैं। पूर्व में भी अपराधियों द्वारा झूठे आरोप लगाकर जवान के परिवार को प्रताड़ति करने की कोशिश की गई थी।

### मैं देश बचाऊं या अपना परिवार

कलेक्टर कार्यालय में अपनी गुहार लगाते हुए जवान ने व्यवस्था के प्रति आक्रोश जताते हुए कहा कि मैं पिछले 20 साल से देश की सेवा कर रहा हूं। लेकिन, आज मुझे अपने परिवार की जान बचाने के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। अगर एक सैनिक का परिवार ही सुरक्षित नहीं है, तो व्यवस्था पर विश्वास कैसे टिका रहेगा। जवान ने कलेक्टर को सौंपे आवेदन में मांग की है कि दोषियों के विरुद्ध जानलेवा हमले की धाराओं के तहत तत्काल गिरफ्तारी हो। जवान के वृद्ध माता-पिता और परिजनों को पुलिस सुरक्षा प्रदान की जाए। सांकरा थाना की भूमिका की जांच हो कि क्यों बार-बार अपराधियों को संरक्षण या समझौते का मौका दिया गया।

## अटल पुण्यतिथि पर होगा लोकार्पण, नपाध्यक्ष ने किया परिसर का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शहर के कचहरी चौक में निर्माणाधीन अटल परिसर का निरीक्षण मंगलवार को नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान साहू ने निर्माण कार्य में गति लाने तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधान मंत्री अटल के पुण्य स्मृतियों को संजोए रखने उनके नाम पर यह स्मारक बनाया जा रहा है। जिसका लोकार्पण अटल पुण्यतिथी पर होगा। इसके निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर हेमंत पिस्दा एवं विभागीय कर्मचारी दुर्गेश कुंजेकर, यशवंत ठाकुर, उमेश साहू आदि उपस्थित रहे।

## 29 से 31 दिसंबर तक हड़ताल का निर्णय, दिल्ली में कर्मचारी से अभद्र व्यवहार पर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित वाहन चालक कक्ष में जिला वाहन चालक संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में प्रांतीय आह्वान पर आगामी 29, 30 और 31 दिसंबर को होने वाले प्रदेशव्यापी आंदोलन में सक्रिय रूप से शामिल होने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। संघ के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आंदोलन की अवधि के दौरान कोई भी वाहन चालक शासकीय वाहन नहीं चलाएगा। एकता प्रदर्शित करने के लिए सभी चालकों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित प्रपत्र में अपने संबंधित कार्यालयों में अवकाश या सूचना आवेदन देकर उसकी एक प्रति वाहन चालक संघ के कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करें। बैठक में दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ भवन के कर्मचारी प्रमोद खाखा के साथ हुई निंदनीय घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया गया। बताया गया कि जशपुर निवासी खाखा के साथ महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े और उनके स्टाफ द्वारा कथित तौर पर अभद्र व्यवहार किया गया। आरोप है कि रात्रि 1 बजे उन्हें सुनसान रास्ते पर वाहन से उतार दिया गया और उल्टा उन्हीं की शिकायत कर उन्हें निलंबित करवा दिया गया। संघ के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मनीष ठाकुर के मार्गदर्शन में यह निर्णय लिया गया कि इस घटना की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई हेतु कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि पीड़ित कर्मचारी को न्याय नहीं मिला, तो भविष्य में आंदोलन किया जाएगा।



इस बैठक में मुख्य रूप से पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे जिसमें मनीष ठाकुर राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, राजेश डडसेना जिला अध्यक्ष, शारकेस साहू उपाध्यक्ष, जागेश्वर प्रजापति, राजेश मार्कंडेय, मिनी केतन पांडा, ताराचंद ध्रुव, तुलाराम गायकवाड़, प्यारे साहू, यशवंत निर्मलकर और पवन साहू सहित भारी संख्या में वाहन चालक शामिल रहें।

## बांग्लादेश के प्रधानमंत्री और हत्यारों का किया पुतला दहन, लगाए जमकर नारे



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

तीन दिन पहले बांग्लादेश में एक हिंदू युवक की बेरहमी से हत्या कर भीड़ द्वारा पेड़ में निर्वस्त्र लटकाकर जला दिए जाने की घटना पर आक्रोशित शिवसैनिकों ने बरोंडा चौक में प्रदर्शन किया। इस दौरान शिवसेना जिलाध्यक्ष अजय बंजारे के नेतृत्व में बांग्लादेश के कार्यवाहक प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। शिवसैनिकों ने बांग्लादेशी प्रधानमंत्री व युवक के हत्यारों का पुतला दहन किया। इस प्रदर्शन में युवा सेना जिलाध्यक्ष नीरज साहू, धीरज सिन्हा, बादल बंजारे, विजय प्रधान, अभिषेक शर्मा, दुर्गेश गुप्ता, अमित शर्मा, जालंधर सोनवानी, मनी चतुर्वेदी, विक्की प्रजापति, हेमंत साहू, कुंदन साहू, गोकुल नेताम, जीतू राजपूत, रत्न सागर, राजा बघेल, सुशील नेताम, तन्मय पटेल, अभी राजपूत, शिवा नेताम, शेरू बघेल आदि शिव सैनिक उपस्थित रहे।

## साल के अंत तक गंभीर अपराधों व लंबित शिकायतों के दिए निर्देश

# क्राईम मीटिंग में एसपी ने की अपराध नियंत्रण की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- फरार आरोपियों की धरपकड़ करने के दिए निर्देश

जिले के नवागत पुलिस कप्तान प्रभात कुमार द्वारा एसपी कार्यालय में पहली क्राईम मीटिंग ली। जिसमें सभी अधिकारी- कर्मचारियों को आधुनिक एवं तकनीकी रूप से दक्ष होने व कार्य करने की हिदायत देते हुए उन्होनें जिले की कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की।

उन्होनें बैठक के दौरान निर्देश दिए कि सभी थाना प्रभारी पुराने लंबित अपराधों, मर्ग, गुम इंसान व लंबित शिकायतों का निकाल एवं विशेषकर महिलाओं और बच्चों के विरूद्ध अपराधों का प्राथमिकता के आधार पर शत-प्रतिशत निराकरण करें। नशा और अवैध गतिविधियां की रोकथाम को लेकर न्होनें गांजा, नशीली दवा, टेबलेट, सिरफ व अन्य मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के लिए एएनटीएफ का गठन किया गया है। इंड टू इंड विवेचना कर आरोपियों की गिरप्तारी करने एवं अवैध शराब निर्माण करने, परिवहन व बेचने तथा जुआ-सट्टा जैसी गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों के विरूध्द कठोर कानूनी कार्रवाई करने हेतु थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया। कानून व्यवस्था एवं फरियादियों की सुनवाई के तहत आगामी क्रिसमस त्योहार एवं नव वर्ष में होने वाले आयोजनों के लिए सतत पुलिस पेट्रोलिंग एवं पुलिस बल लगाकर लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं थानों में आने वाले फरियादियों/ पीड़ितों के साथ शालीन व्यवहार करते हुए उनकी शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई हेतु निर्देश दिए। गौ तस्करी पर पूर्णतः अंकुश लगाने निर्देश दिए। फरार अपराधियों की धरपकड के सबंध में दिए गए निर्देश के अनुसार संपत्ति संबंधी अपराधों (चोरी, लूट) पर अंकुश लगाने और वारंटी व लंबे समय से फरार चल रहे अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।




## साढ़े चार लाख का गांजा बरामद, दो गिरफ्तार

**महासमुंद।** गांजा के अवैध परिवहन के मामले में सिंघोड़ा पुलिस ने महाराष्ट्र निवासी दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से साढ़े चार लाख रुपए का नौ किलो गांजा बरामद किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार 22 दिसंबर को मुखबिर से सूचना मिली कि एक सफेद रंग की कार में बैठे व्यक्ति ओडिशा की ओर से अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर छत्तीसगढ़ की ओर आ रहे हैं। इस सूचना के बाद ग्राम रेहटीखोल के पास जाकर नाकाबंदी की गई। जहां कुछ समय बाद एक सफेद रंग की कार क्रमांक एमएच 49 बीजेड 4608 आई, जिसे रोका गया। पूछताछ में वाहन चालक ने अपना नाम ऋषिराज ठाकुर पिता अरविंद ठाकुर (21 साल) बिना विनय सिंह ठाकुर मकान नंबर 28 कलमना मार्केट रोड इंडियन पेट्रोल पंप बैक साईट वैभव लक्ष्मी नगर उपरवाली थाना कलमना जिला नागपुर महाराष्ट्र तथा बगल सीट में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम उमेश वानखेडे पिता अशोक वानखेडे (31 साल) रामटेक मंगरवारी थाना रामटेक जिला नागपुर महाराष्ट्र का निवासी होना बताया। वहीं वाहन के पीछे सीट में रखे बोरी के बारे में पूछताछ करने पर वे गोलमोल जवाब देने लगे। कड़ाई से पूछने पर बोरी के अंदर अवैध मादक पदार्थ गांजा होना बताये तथा उक्त गांजा को ओडिशा से नागपुर ले जाना बताया । पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 9 किलोग्राम गांजा कीमत 450000 रुपए, हुंडई औरा कार कीमत 600000 रुपए कुल 10,40000 रुपए को जब्त किया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 20(ख) नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### खेत में पानी छोड़ने को लेकर विवाद, मारपीट, ऊंगली को दांत से काटा

**महासमुंद।** खेत में पानी छोड़ने को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने के मामले में पिथौरा थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को जीतराम नायक ग्राम राजासेवैया खुर्द ने बताया कि वह गांव के प्रमोद मिश्रा के खेत को रेगहा में लेकर रबी फसल बोने के लिये 23 दिसंबर को सुबह लगभग 7 बजे खेत गया था। खेत में पानी ज्यादा होने से नीचे का खेत में छोड़ा। यह जो नरेश नायक का है, और उसमें सत्यप्रकाश उर्फ राकेश पटेल रेगहा फसल लगाता है। इसी दौरान सत्यप्रकाश उर्फ राकेश पटेल ने मेरे रेगहा वाले खेत में क्यों पानी छोड़ रहे हो कहकर मना करने लगा, उसने कहा कि उसका खेत ऊपर है, है इसलिए पानी छोड़ रहा हूं कहा। जिस पर सत्यप्रकाश ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट करते दाहिने हाथ की तर्जनी उंगली को नख के पास से अपने दांत से काट कर अलग कर दिया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 118(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

**खबर संक्षेप**

## देह व्यापार का फरार आरोपी ढाई साल बाद गिरफ्तार

**रायपुर।** देह व्यापार के मामले में ढाई साल से फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस मामले में आरोपी पिंटू जायसवाल उर्फ गजेंद्र निवासी ग्राम बरमपुर थाना लालपुर मुंगेली के विरुद्ध सिविल लाइन थाने में धारा 4, 5, 7 पीटा एक्ट एवं 370 भादवि के तहत अपराध दर्ज है। इस केस में पुलिस ने शंकर नगर स्थित द माइंड वेलनेस स्पॉ सेंटर में छापा मारकर मैनेजर आशियाना यादव (थर्ड जेंडर) एवं सहायक मैनेजर राकेश महानंद को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना से संबंधित 2 मोबाइल जब्त किए थे।

## सवा दो लाख की चोरी मोबाइल भी किया पार

**रायपुर।** गुढ़ियारी क्षेत्र में एक ट्रेडर्स के दफ्तर में सवा दो लाख रुपए की चोरी हो गई। घटना 20 से 21 दिसंबर की दरमियान रात की है। प्रार्थी हर्षित सलूजा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गुढ़ियारी में उसकी सलूजा एजेंसी एंड ट्रेडर्स कंपनी का ऑफिस है। इस ऑफिस के ऊपर का दरवाजा तोड़कर कोई अज्ञात चोर अंदर प्रवेश कर गल्ला में रखे नकद दो लाख रुपए एवं 25 हजार कीमत का एक मोबाइल चोरी कर ले गया। पुलिस ने मामले में चोरी का अपराध दर्ज किया है।

## रेत का अवैध उत्खनन, चेन माउंटेन मशीन, हाईवा सहित मोटर बोट जब्त

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के आरंग क्षेत्र अंतर्गत गाम समोदा तथा कागदेही रेत खदान में अवैध रूप से रेत का उत्खनन किया जा रहा था। यहां रेत माफिया के लोग पनडुब्बी और चेन माउंटेन मशीन लगाकर नदी से रेत बाहर निकाल रहे थे। खनिज विभा की टीम ने चेन माउंटेन मशीन और मोटर बोट को जब्त किया है। इसी प्रकार रेत से भरे दो हाईवा को भी जब्ती बनाया है। खनिज विभाग की टीम ने शनिवार और रविवार को आरंग क्षेत्र की खदानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान ग्राम समोदा खदान में मोटर बोट सक्शन मशीन (पनडुब्बी) लगी मिली। इसके माध्यम से यहां नदी से रेत बाहर निकाली जा रही थी। नदी के बाहर में कुछ स्थान पर रेत डंप की गई थी। टीम ने मोटर बोट, पाइप जब्त करने की कार्रवाई की। इसी प्रकार ग्राम कागदेही में चेन माउंटेन मशीन से रेत का खनन किया जा रहा था।

# पिथौरा में अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज, जिलेभर की टीमें ले रहीं हिस्सा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

पिथौरा क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। चार दिवसीय इस प्रतियोगिता में पूरे जिले की विभिन्न टीमें भाग ले रही हैं। आयोजन का उद्देश्य क्षेत्र के प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों को मंच देना और उनमें खेल के प्रति अनुशासन व प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित करना है। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता के सभी मुकाबले ड्यूस बॉल से खेले जाएंगे, जिससे खिलाड़ियों को उच्च स्तर के क्रिकेट का अनुभव मिलेगा। प्रतियोगिता के दौरान रोजाना रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे।

उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी ने की। विशेष अतिथि के रूप में वरिष्ठ पार्षद मन्नूलाल ठाकुर, वरिष्ठ खिलाड़ी लोकनाथ बैगा डड़सेना, पिथौरा क्रिकेट अकादमी के संयोजक व सांसद प्रतिनिधि मनमीत छाबड़ा, पार्षद संदीप सेन, प्रेमराजन भीमा रौतिया, कौशल मानिकपुरी, पुष्पकांत पटेल एवं अंजय सिन्हा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि देवेश निषाद ने कहा कि खेल युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए जरूरी हैं। इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना को मजबूत करती हैं। उन्होंने पिथौरा क्रिकेट अकादमी के प्रयासों की सराहना की। नगर पंचायत उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी एवं वरिष्ठ पार्षद मन्नूलाल ठाकुर ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की छिपी प्रतिभाओं को आगे लाने का माध्यम बनते हैं और खिलाड़ियों को भविष्य के लिए तैयार करते हैं। उद्घाटन अवसर पर अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन पिथौरा क्रिकेट अकादमी के संरक्षक लक्ष्मीकांत सोनी ने किया। आयोजन में बड़ी संख्या में खेल प्रेमी, अभिभावक और खिलाड़ी मौजूद रहे। पिथौरा क्रिकेट अकादमी द्वारा आयोजित यह प्रतियोगिता जिले में खेल संस्कृति को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

## विधायक ने मुख्यमंत्री, मंत्रियों एवं विधायकों को भेंट किया पंचांग



**महासमुंद।** महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित सभी मंत्रियों एवं विधायकों को पंचांग भेंट किया।

## एसपी से मुलाकात



**महासमुंद।** नए पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार से आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ने सौजन्य मुलाकात कर चर्चा की। इस दौरान आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश झाबक, प्रदेश सचिव भूपेंद्र चंद्राकर, प्रदेश संयुक्त सचिव संजय यादव एवं कादिर चौहान उपस्थित रहे।

# बाबा ने दिखाया समूचे जगत के कल्याण का रास्ता: त्रिभुवन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम पंचायत बेलटुकरी (अमावश) में संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की 269वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर पर मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष व समाज प्रमुख त्रिभुवन महिलांग ने फूल-माला अर्पित कर अंचल की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की।

महिलांग ने कहा कि बाबा की अमृत वाणी को हम सभी अपने जीवन में उतार कर जीवन को चरितार्थ कर सकते हैं। संत गुरु घासीदास बाबा ने मानव समाज को मानवता का संदेश देने के साथ ही एक सूत्र में बांधने का कार्य किया है। उनका संदेश सभी को एक सूत्र में बांधने और आपसी भेदभाव को समाप्त करने की प्रेरणा देती है। आगे कहा कि गुरु घासीदास ने समूचे जगत के कल्याण का रास्ता दिखाया है। गुरु ने अपने जीवन में मानवता, एकता व समृद्धि का मार्ग दिखाया है, जो आज भी हमारे जीवन में प्रासंगिक है। उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में गुरु घासीदास बाबा के मानवता व समतामूलक विचार धारा मानव समाज को आपस में एक दूसरे को जोड़ती है। सतनाम संस्कृति आज प्रमुख आकर्षण का केंद्र बनती जा रही है। जहां ना कोई भेद-भाव है और ना ही नफरत। उन्होंने आगे कहा कि बाबा के उद्देश्य अनुरूप ग्राम पंचायत बेलटुकरी (अमावश) में सर्व समाज में समानता और एकता स्थापित है। उन्होंने ग्राम विकास व सामाजिक दायित्वों के लिए हरसंभव मदद करने की आश्वासन दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामवासी व समाज जन उपस्थित थे।

# दस दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वामी शिवानंद सरस्वती योग भवन में 10 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर 13 दिसंबर से 22 दिसंबर तक का आयोजन किया गया। शिविर दिव्य जीवन संघ, शिवानंद योग मित्र मंडल एवं शिवानंद मातृशक्ति समिति द्वारा आयोजित किया गया था। समारोह के प्रारंभ में स्वामी शिवानंद सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर समारोह प्रारंभ किया गया। आचार्य स्वामी विद्यानंद सरस्वती का पुष्पहार से स्वागत किया गया। स्वामी द्वारा भजन प्रस्तुति के पश्चात योग मित्र मंडल के चंद्रशेखर साहू द्वारा प्रतिवेदन पठन किया गया।

उन्होंने कहा कि हमारे लिए गौरव की बात है कि योगाचार्य स्वामी विद्यानंद सरस्वती के निर्देशन में महासमुंद में योग शिविर का पींचा धर्मशाला, मानस भवन, स्वाध्याय केन्द्र, कर्मचारी भवन, सिन्धु धर्मशाला व योग भवन में लगातार यह 35वां वर्ष है। 35 वर्ष पूर्व शिविर के प्रारंभिक अवस्था में स्व. हेमंत राठौड़, डॉ. अमित अग्रवाल, चंद्रशेखर साहू, किशोर शुक्ला ने अथक प्रयास का महासमुंद में योग का प्रचार-प्रसार किया, जिन्हें आज हम स्मरण करते हैं। इस वर्ष शिवानंद सरस्वती योग भवन में प्रातः व सायं के 3 सत्रों में 58 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया। शिविर में स्वामी द्वारा आसन-प्राणायाम, गीतापाठ, भजन व योग निद्रा का अभ्यास कराया गया। वहीं 21 दिसंबर को ग्राम कौंदकेरा फॉरेस्ट नर्सरी में शरीर शुद्धिकरण की क्रिया, दीर्घ शंख प्रक्षालन, कुंजल, नेती के अभ्यास कराये गये। जिसमें 40 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम को डॉ. मधुराज देवांगन ने अपने अनुभव कथन व स्वामी ने नियमित योगाभ्यास से होने वाले लाभ के बारे में प्रकाश डाला। शांतिपाठ के साथ समारोह समाप्ति की घोषणा की गई।



इस अवसर पर चोईथराम राजपाल, दौलतराम चंद्राकर, तारेंद्र चंद्राकर, सेवन लाल चंद्राकर, परमानंद बजाज, चंद्रशेखर साहू, दाऊलाल चंद्राकर, रामनिवास चंद्राकर, मनीष श्रीवास्तव, विजय नंदवानी, हीरालाल साहू, प्रदीप चंद्राकर, परमानंद चंद्राकर, पंकज चंद्राकर, प्रमोद चंद्राकर, महेश ध्रुव, डॉ. मधुराज देवांगन, एसएन बोस, किशोर शुक्ला, डॉ. रामकुमार चंद्राकर, नुकेश चंद्राकर, लक्ष्मीनाथ चंद्राकर, देवेंद्र चंद्राकर, अजय गुप्ता, चंद्रिका चंद्राकर, गौतम सिन्हा व अन्य प्रशिक्षार्थी उपस्थित थे। संचालन व आभार प्रदर्शन तारेंद्र चंद्राकर ने किया।

## साढ़े 22 लाख से ज्यादा की रकम का गबन चार लोगों के विरूद्ध एफआईआर

**महासमुंद।** वसूली की रकम को कंपनी में जमा न कर गबन करने के मामले में सरायपाली थाने में चार आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। मामले की रिपोर्ट भारत फायनेशियल लिमिटेड शाखा सरायपाली के क्षेत्रीय प्रबंधक ने दर्ज कराई है। कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक हेमेंद्र राजाराम जनबंधु पिता राजाराम ने सरायपाली थाने में दिए गए आवेदन में बताया कंपनी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से समय-समय पर विभिन्न ग्राहकों को व्यापार हेतु लोन उपलब्ध कराती है। कंपनी में शुभम पाणीग्राही ब्रांच मैनेजर, दीपक कुमार फील्ड मैनेजर, रोहन प्रधान फील्ड मैनेजर तथा प्रमोद महंत ब्रांच क्रेडिट मैनेजर के पद पर कार्यरत है। शुभम पाणीग्राही द्वारा दिनांक 13.12.2024 से 23.12.24 तक 16 हितग्राहियों से 5,35,869 रुपए वसूली कर बैंक में जमा नहीं कर गबन किया गया है। दीपक कुमार द्वारा दिनांक 13.06.2023 से 08.11.2023 तक 16 हितग्राहियो से 1,58,961 रुपए, रोहन प्रधान द्वारा दिनांक 27.2.2022 से 24.11.2023 तक 55 हितग्राहियों से 5,54,583 रुपए तथा प्रमोद महंत द्वारा दिनांक 04.01.2024 से 13.08.2024 तक 16 हितग्राहियों से 10,17,232 रुपए इस तरह चारों व्यक्तियों द्वारा कुल राशि 22,66,645 रुपए का गबन किया गया है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 3(5), 316(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## शैक्षणिक भ्रमण: प्राथमिक शाला सलिहाभांठा के बच्चे घूमे जंगल सफारी आदिवासी संग्रहालय में आदिवासी संस्कृति को करीब से जाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पटेवा

प्राथमिक शाला सलिहाभांठा के बच्चों ने जंगल सफारी नंदनवन चिड़ियाघर और आदिवासी संग्रहालय का शैक्षणिक भ्रमण किया। सुबह बस से जंगल सफारी नन्दनवन पहुँचकर बच्चे शिक्षकों व पालकों के साथ चिड़ियाघर में विभिन्न जानवरों को देखकर काफी रोमांचित हुए। बच्चे चिड़ियाघर में उत्साहपूर्वक सफेद बाघ, शेर, भालू, चीता, लकड़बग्घा, नीलगाय, मगरमच्छ, उदबिलाव, दरियाई घोड़ा, हिरण, मीरकैट नजदीक से देखकर बहुत आनंदित दिखे। बच्चे इस दौरान सूचना बोर्ड से पढ़कर जानकारियां भी लेते दिखे। बच्चों ने वहां झूला, फिसलपट्टी का आनंद भी लिया।



चिड़ियाघर भ्रमण पश्चात आदिवासी संग्रहालय पहुंचकर जनजातीय समुदाय के जीवंत पहलुओं सांस्कृतिक, पारंपरिक एवं जीवनप्रणाली का साक्षात्कार किया। इस दौरान बस्तर, सरगुजा की जनजातियों के रहन-सहन, विविधताओं, उनके पहनावे, जीवनयापन के विविध तरीकों को जाना। विभिन्न कलाकृतियों और ऑडियो-वीडियो विजुअल से बच्चों ने नयापन को समझा। बच्चों की उत्सुकता को प्रोत्साहित करते हुए बीच-बीच में प्रधानपाठक योगेश निर्मलकर और पालक तिलक साहू द्वारा बच्चों के समूह को जानकारियां प्रदान करते रहे। वापसी में बच्चों ने वल्लभाचार्य की नगरी चंपारण का भ्रमण भी किए।

शैक्षणिक भ्रमण में बच्चों के साथ शिक्षक रामेश्वर ढीढी, पुष्पलता पटेल, शाला प्रबंधन समिति से पिरीत राम साहू, पंच रामन ध्रुव, तिलक साहू, भोजराम साहू, दौलत दीवान, दुलारू यादव, मंसाराम सिन्हा, गुलाब ध्रुव, बिसनी दीवान, हेमलता ध्रुव, लक्ष्मी दीवान, बरतनीन दीवान सम्मिलित रहे।

## कॉलेज में पानी, प्लास्टिक और पर्यावरण पर हुआ व्यापक जागरुकता कार्यक्रम

**महासमुंद।** शांत्रीबाई कला वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय नवाचार के अंतर्गत 3पी, पानी, प्लास्टिक और पर्यावरण विषय पर एक व्यापक जागरुकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन को जल संरक्षण, प्लास्टिक प्रदूषण की रोकथाम तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम की शुरुआत पर्यावरण संरक्षण विषय पर प्रस्तावना के साथ की गई, जिसमें बताया गया कि वर्तमान समय में जल संकट और प्लास्टिक प्रदूषण वैश्विक चुनौती बन चुके हैं। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सविता चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि यदि समय रहते प्लास्टिक के अंधाधुंध उपयोग पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो इसका सीधा प्रभाव जलस्त्रोतों, जैव विविधता और मानव स्वास्थ्य पर पड़ेगा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को 3आर सिद्धांत से कराया गया। उन्हें एकल-उपयोग प्लास्टिक से बचने, कपड़े एवं जूट के थैलों का उपयोग करने, जलस्त्रोतों में कचरा न डालने तथा वर्षा जल संरक्षण जैसे उपाय अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण विषयक स्लोगन, पोस्टर एवं विचार प्रस्तुति के माध्यम से समाज को जागरूक करने का प्रयास किया गया। प्लास्टिक छोड़ो, पानी बचाओ एवं पर्यावरण संवारो, जल है तो कल है जैसे नारों ने सभी को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार की नवाचार के माध्यम से विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी, पर्यावरणीय चेतना तथा व्यवहारिक ज्ञान को विकसित करती हैं।

**इस बार फरवरी माह से ही प्रारंभ हो जाएंगी 10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षाएं**

# पूरा नहीं हो सका पाठ्यक्रम अब शीतकालीन अवकाश में स्कूल खोलने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के कुछ जिलों में इस बार शीतकालीन अवकाश में भी कक्षाओं का संचालन होगा। इसके लिए बकायदा आदेश भी जारी कर दिए हैं। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा जिले के सभी शासकीय हाईस्कूल और हायरसेकंडरी विद्यालयों के प्राचार्यों को इस संदर्भ में खत प्रेषित किया गया है।



इसके मुताबिक शीतकालीन अवकाश के दौरान पाठ्यक्रम पूर्ण करने के लिए अनिवार्य रूप से कक्षाएं संचालित की जाएंगी। आदेश में कहा गया है कि जिन हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 10वीं एवं 12वीं का पाठ्यक्रम पूर्ण नहीं हुआ है, उन्हें शीतकालीन अवकाश में विशेष कक्षाएं संचालित करते हुए पाठ्यक्रम पूर्ण करने निर्देशित किया जाता है। स्कूलों से कहा गया है कि वे पाठ्यक्रम पूर्ण करने के लिए योजना निर्माण कर उनका क्रियान्वयन करें। इसके लिए समय-सारिणी तैयार कर कक्षा 10वीं एवं 12वीं के लिए कक्षाएं संचालित करें। समय-सारिणी एवं योजना के संबंध में जिला शिक्षा कार्यालय को अवगत भी कराया जाएगा। जिन शालाओं का में उक्त कक्षा का पाठ्यक्रम पूर्ण हो चुका है, वे इस दौरान विगत 3 वर्षों के बोर्ड परीक्षा के प्रश्न पत्रों के आधार पर बोर्ड परीक्षा की तैयारी कराना सुनिश्चित करेंगे। गौरतलब है कि मतदाता सूची गहन पुनरिनीक्षण कार्य में शिक्षकों की ड्यूटी लगाए जाने के कारण अधिकतर स्कूलों में पाठ्यक्रम पूर्ण नहीं हो सके हैं।

**राजधानी में होगी मॉनिटरिंग :** राजधानी रायपुर में अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं पूर्ण हो चुकी हैं। शीतकालीन अवकाश के बाद यहां के स्कूलों में परीक्षा परिणामों की मॉनिटरिंग की जाएगी। बोर्ड कक्षाओं के परिणाम और स्कूलों में पाठ्यक्रम की स्थिति के आधार पर आगे की योजना बनाई जाएगी। जहां पाठ्यक्रम पूर्ण नहीं हो सके हैं या जहां के परिणाम औसत से कम रहेंगे, वहां अतिरिक्त कक्षाएं संचालित होंगी। गौरतलब है कि जिले के छात्रों को बोर्ड परीक्षाओं की मेरिट लिस्ट में शामिल करने मिशन उत्कर्ष चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत ही कई तरह के प्रयोग इस बार किए जा रहे हैं।

### इस वर्ष परीक्षाएं जल्द

गौरतलब है कि माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा वर्ष में दो बार परीक्षाएं आयोजित कराया जा रहा है। यह नियम बीते सत्र से लागू हो चुका है। मार्च-अप्रैल में आयोजित मुख्य परीक्षा में असफल होने वाले विद्यार्थियों के लिए दोबारा परीक्षा आयोजित कर जुलाई-अगस्त में एक और मौका दिया गया था। द्वितीय मुख्य परीक्षा समय पर आयोजित हो सके और इसमें उत्तीर्ण छात्रों को अगली कक्षा में प्रवेश के लिए पर्याप्त वक्त मिल सके, इसलिए माशिम इस बार परीक्षाएं जल्द आयोजित करा रहा है। मार्च में प्रारंभ होने वाली बोर्ड परीक्षाएं इस बार फरवरी से ही प्रारंभ हो जाएंगी। प्रायोगिक परीक्षाएं भी 10 जनवरी के स्थान पर एक जनवरी से ही शुरू हो रही है। यही कारण है कि जिलों में पाठ्यक्रम पूर्ण करने कवायद शुरू कर दी गई है।

# हिमाचल में बनी नकली दवा रायपुर भेजने वाले की तलाश होगी इंदौर में, भेजी जाएगी जांच टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


सारंगढ़ से जुड़े नकली दवा के तार, कारोबारी के मोबाइल पर मिली दवाइयों की तस्वीर

**हरिभूमि फॉलोअप**

हिमाचल और चेन्नई में बनी एंटीबायोटिक टेबलेट रायपुर भेजने वाले की तलाश अब इंदौर में की जाएगी। इसके लिए जांच टीम रवाना होगी। अफसर भी यह मान रहे हैं कि नकली दवा के कारोबार का नेटवर्क काफी बड़ा है। सारंगढ़ के दवा कारोबारी से पूछताछ के साथ भाटापारा के एजेंसी संचालक के ठिकाने से लिए गए दवा के सैंपलों की जांच का इंतजार किया जा रहा है। गोगांव के नागपुर गोल्डन ट्रांसपोर्ट में पकड़ी गई नकली दवा के मामले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम विभिन्न बिंदुओं पर अपनी जांच कर रही है। सारंगढ़ और भाठापारा के बाद उनकी जांच का अगला पड़ाव इंदौर है। जब्त की गई दवा में हिमाचल और चेन्नई की कंपनी का जिक्र है, जिसे इंदौर से रायपुर भेजा गया था। जांच टीम उस शख्स की तलाश करेगी जिसने ट्रांसपोर्ट में इस दवा की बुकिंग कराई। माना जा रहा है कि यह काम दवा कारोबार से जुड़े किसी शख्स होगा। अफसरों का दावा है कि इंदौर में ट्रांसपोर्ट में दवा की बुकिंग कराने वाल शख्स का पता चलने के बाद मामला साफ हो जाएगा कि ट्रांसपोर्ट में लावारिस हालत में मिला दवा का काटून आखिर जाना कहां था। इस दवा के मामले की जानकारी इंदौर भेजी जा चुकी है और वहां के औषधि विभाग की टीम की मदद इस इंवेस्टीगेशन में लिया जाएगा। अधिकारिक सूत्रों का दावा है कि नकली दवा के इस कारोबार का नेटवर्क काफी बड़ा हो सकता है। ज्यादा मुनाफा के लालच में उनके द्वारा ग्रामीण इलाकों में एंटीबायोटिक दवा के नाम पर सफेद पावडर से बनी गोलियां बेच रहे हैं।

### जिलों में किया गया है अलर्ट

*एंटीबायोटिक की नकली दवा पकड़ाने के बाद खाद्य एवं औषधि प्रशासन के नियंत्रक दीपक अग्रवाल द्वारा सभी जिलों को इस बारे में अलर्ट जारी किया गया है। इस बात की आशंका बनी हुई है कि इस एंटीबायोटिक के साथ अन्य तरह की अमानक दवाओं की सप्लाई पहले भी हुई है। बरामद की गई इस दवा महंगी है जिसका सीधा लाभ इस कारोबार से जुड़े लोगों को होता है।*

## खबर संक्षेप



### पार्षद ने की पट्टा नियमों में सुधार कर गरीबों को आवास देने की मांग

**महासमुंद।** शहर के सुभाष नगर वार्ड क्रमांक 22, 23 और 24 के रहवासियों को आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए पार्षद चंद्रशेखर बेलदार ने कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी को पत्र लिखकर नियमों में संशोधन की मांग की है। बेलदार ने बताया कि पूर्व में आवंटित भू-अधिकार पट्टों के क्षेत्रफल का तकनीकी दायरा (250-2500 श्रेणी) हितग्राहियों के लिए बड़ी बाधा बन गया है। इस क्षेत्रफल विसंगति के कारण कई पात्र परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से वंचित हो रहे हैं। चंद्रशेखर बेलदार ने कलेक्टर से आग्रह किया है कि पट्टे के क्षेत्रफल के दायरे को कम कर हितग्राहियों को विशेष छूट प्रदान की जाए। साथ ही उन्होंने पूर्व सर्वे में छूटे हुए पात्र परिवारों को पुनः पट्टा आवंटित करने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि नियमों का सरलीकरण और वंचितों को पट्टा मिलने से ही वार्ड के हर निर्धन परिवार का अपने स्वयं के पक्के घर का सपना साकार हो सकेगा

### महासमुंद में प्लेसमेंट कैंप आज

**महासमुंद।** स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन/ रोजगार कार्यालय महासमुंद द्वारा आज एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया है। यह कैंप मचेवा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित रोजगार कार्यालय परिसर महासमुंद में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। प्लेसमेंट कैंप में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों का रोजगार विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन रोजगार पंजीयन के साथ-साथ प्लेसमेंट कैंप के लिए पंजीयन करना अनिवार्य है। ऑनलाइन पंजीयन के बिना अभ्यर्थी भर्ती प्रक्रिया में शामिल नहीं हो सकेंगे। इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि एवं स्थान पर शैक्षणिक योग्यता की छायाप्रति सहित उपस्थित होकर इस रोजगार अवसर का लाभ उठाएं।

### कहार भोई समाज का शपथ ग्रहण समारोह 28 को

**महासमुंद।** स्थानीय कहार भोई समाज के नवनिर्वाचत एवं मनोनीत पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह 28 दिसंबर रविवार को सुबह 11 बजे होगा। यह कार्यक्रम मां कन्हाई परमेश्वरी मंदिर प्रांगण कहार भोई समाज भवन इमलीभाठा में होगा। कार्यक्रम को लेकर युवा संगठन का गठन किया गया है और शपथ ग्रहण समारोह को लेकर बैठक आहूत की गई।

## निधन

### मोती राम साहू

**महासमुंद।** ग्राम मामाभांचा निवासी मोती राम साहू (73) का 22 दिसंबर को निधन हो गया। अंतिम यात्रा में समाज के लोग एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे केशव साहू, नोहर साहू के बड़े भैया एवं टिकेश साहू, राजेश साहू के पिता थे।



## कार्यक्रम : किसान संगोष्ठी एवं वैज्ञानिक परिचर्चा का आयोजन

# जी राम जी में श्रमिकों को मिलेगा 125 दिन काम, सप्ताहभर में होगा भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भारतवर्ष के पांचवे प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस पर प्रतिवर्ष 23 दिसंबर को किसान दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र भलेसर में किसान संगोष्ठी एवं कृषक वैज्ञानिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। विदित हो कि 16 से 31 दिसंबर 2025 तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन भी किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में वर्चुअल मोड के माध्यम से केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी द्वारा किसानों को संबोधित किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया कि महात्मा गांधी नरेगा के स्थान पर विकसित भारत जी राम जी का नया बिल पास हुआ है। जिसमें हितग्राहियों को 125 दिवस का रोजगार मिलेगा। अब भुगतान 7 दिवस के अंदर संभव हो सकेगा। इसके अलावा खेती करने वाले कृषकों को मजदूरों की समस्या रहती थी, उसे देखते हुए फसल कटाई के समय विकसित भारत जी राम जी कार्य 2 माह स्थगित रहेगा, जिससे कृषि कार्य में मजदूरों की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित किसान दिवस के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम भलेसर के सरपंच सेवाराम कुर्रे उपस्थित थे। साथ ही ग्राम के वरिष्ठ कृषक एवं पंच प्रतिनिधि मनोहर भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा अन्नदाता किसानों को रबी फसल की उन्नत खेती, उद्यानिकी फसलों की खेती, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, रबी फसलों में उर्वरक एवं शस्य प्रबंधन, फसल अवशेष प्रबंधन में प्रयोग होने वाले यंत्र एवं सूक्ष्मजीवों की उपयोगिता के बारे में विस्तृत चर्चा की गई।



वैज्ञानिकों द्वारा कृषकों को रबी के मौसम में धान फसल के स्थान पर दलहन, तिलहन एवं कम जल मांग वाली फसलों को लगाने की सलाह दी गई। साथ ही इन फसलों को लगाने से मृदा एवं पर्यावरण में होने वाले लाभ एवं जलवायु परिवर्तन एवं वैश्विक तापक्रम के प्रभाव को कम करके भूमिगत जल का किस प्रकार संरक्षण किया जा सकता है, इस विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ आरएल शर्मा, मृदा वैज्ञानिक डॉ. कुणाल चंद्राकर, प्रक्षेत्र प्रबंधक कमलकांत लोधी एवं वरिष्ठ अनुसंधान सहायक तरूण प्रधान आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में जिले के कृषकों के साथ-साथ कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र महासमुंद एवं फिंगेश्वर के चतुर्थ वर्ष के रावे कार्यक्रम के छात्र-छात्राओं ने भी भाग लिया गया।

### भारतीय स्टेट बैंक कौहाकुड़ा ने किसानों के साथ मनाया राष्ट्रीय किसान दिवस

**तेंदूकोना।** भारतीय स्टेट बैंक शाखा कौहाकुड़ा द्वारा ग्राम सरायपाली में किसानों के साथ किसान मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें किसानों को उनसे सम्बंधित बैंक के विभिन्न कृषि उत्पादों जैसे केसीसी, गाय पालन, मुर्गीपालन, बागवानी के बारे में जानकारी दी गई। साथ केसीसी रीनिवल करने के फायदों के बारे में और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाय) के लाभ के बारे में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा (पीएमजेजेबीवाय) एवं प्रधानमंत्री दुर्घटना सुरक्षा बीमा (पीएमएसबीवाय), इत्यादी के बारे में विस्तार पूर्वक किसानों के साथ चर्चा की गयी। साथ ही किसानों को अन्नदाता के रूप में सम्मानित किया गया और धन्यवाद दिया गया। भारतीय स्टेट बैंक शाखा प्रबंधक यज्ञदत्त वर्मा ने अपने संबोधन में बताया कि एसबीआई पूरे देश में 8 से 23 दिसंबर तक राष्टीय किसान दिवस पर एसबीआई अन्नदाता उत्सव मना रहा है। जिसके तहत देश के सभी भारतीय स्टेट बैंक कृषि शाखाओं द्वारा किसानों के साथ मिलकर कार्यक्रम किये जा रहे है और राष्ट्र को भोजन करने वाले हाथो को सलाम कर रहा है। एसबीआई कह रहा है कि हर किसान देश का अभिमान है। इस कार्यक्रम में ग्राम सरायपाली, ठाकुरदियाकला एवं आसपास के कृषक शामिल हुए। इस पहल के लिए शाखा प्रबंधक की सराहना की। शाखा की ओर से शाखा प्रबंधक के साथ लखन ध्रुव, गुणसागर बढाई इत्यादि ने कार्यक्रम को सफल बनाया।



### ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए 15 तक कर सकते है ऑनलाइन आवेदन

**महासमुंद।** शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए जिले में संचालित समस्त शैक्षणिक शासकीय व अशासकीय महाविद्यालय, मेडिकल, कृषि, वेटनरी, पॉलीटेक्निक कॉलेज, आईटीआई, नर्सिंग, डीएड एवं बीएड में अध्ययन कर रहें अनुसूचित, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु पात्र होंगे। ऑनलाइन आवेदन https://postmatric-scholarsip.cg.nic.in वेबसाइट पर किया जा सकता है। आदिवासी विकास के सहायक आयुक्त ने बताया कि ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए नवीन एवं नवीनीकरण ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 15 जनवरी 2026 तक निर्धारित है। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि तक कार्रवाई पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते है, तो इसके लिए संस्था जिम्मेदार होंगे। पीएफएमएस के माध्यम से आधार आधारित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान किया जाएगा। सभी विद्यार्थी आवेदन करते समय ध्यान रखें कि उनका बचत खाता एक्टिव हो एवं आधार सीडेड बैंक खाता नंबर की प्रविष्टि कराएं। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु किए गए आवेदन का सत्यापन आधार से लिंक मोबाईल नंबर पर ओटीपी के माध्यम से किया जाएगा। विद्यार्थी आवेदन करते समय आधार नंबर पर पंजीकृत मोबाइल नंबर की प्रविष्टि कराएं। वर्ष 2025-26 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को एनएसपी पोर्टल से ओटीआर प्राप्त

## जनचौपाल में मिले 73 आवेदन निराकरण के दिए गए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- कलेक्टर ने जनचौपाल में सुनी लोगों की समस्याएं

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जन चौपाल में जिले के जनसामान्य की समस्याएं सुनी। जन चौपाल में 73 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर लंगेह ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया।

जन चौपाल में ग्राम गिरना निवासी गायत्री निषाद ने वृद्धा पेंशन की जानकारी के लिए आवेदन किया। इसी तरह ग्राम लाफ़निकला निवासी जेठूराम सतनाम ने दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन न्याय योजना की राशि के संबंध में, ग्राम लभराखुर्द निवासी ताराचंद धीवर ने मजदूर पंजीयन कार्ड, ग्राम बकमा निवासी टोमीन साहू ने श्रम पंजीयन कार्ड में संशोधन के लिए, ग्राम बनसिवनी निवासी टेकचंद बांधे ने सुपुत्र के इलाज के लिए आर्थिक सहायता के लिए, ग्राम बिराजपाली निवासी गोवर्धन बरिहा ने तीन पहिया बैटरी वाहन प्रदान करने, दिव्यांग तीरंदाज खिलाड़ी सविता निषाद ने खेल के लिए आर्थिक सहायता के लिए आवेदन किए। इसके अलावा भौतिक सत्यापन, धान बेचने में समस्या संबंधी शिकायत, एग्रीस्टैक पंजीयन, पीएम आवास, लंबित राशि भुगतान संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## जनपद उपाध्यक्ष ने खरोरा प्रीमियर लीग के विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान की



**महासमुंद।** खरोरा के हाईस्कूल मैदान में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट 'खरोरा प्रीमियम लीग सीजन-2 का समापन हुआ। जिसमें अंतिम गेंद तक चले रोमांचक मुकाबले में शानदार खेल दिखाते हुए नाइट किंग खरोरा की टीम विजेता बनी और खरोरा फाइटर को उपविजेता के खिताब से संतोष करना पड़ा। खचाखच भरे मैदान में दर्शकों के शोर के बीच खेले गए इस फाइनल मैच में बल्लेबाजों ने चौकों-छक्कों की बरसात की, तो वहीं गेंदबाजों ने अपनी धारदार गेंदबाजी से मैच का रुख पलटा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जनपद उपाध्यक्ष हुलसी ने अपने हाथों से विजेता टीम को नगद राशि व ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। व्यक्तिगत प्रदर्शन की श्रेणी में टिकेश्वर चंद्राकर को उनके बेहतरीन हरफनमौला खेल के लिए मैन ऑफ द मैच और विनय राय को पूरे टूर्नामेंट में शानदार निरंतरता दिखाने के लिए मैन ऑफ द सीरीज के पुरस्कार से नवाजा गया। समापन समारोह के दौरान जनपद उपाध्यक्ष ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हार-जीत से बढ़कर खेल भावना महत्वपूर्ण है और ऐसे ग्रामीण आयोजनों से ही भविष्य के सितारे निकलते हैं। उन्होंने सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति की प्रबंधन व्यवस्था को सराहा, जबकि खेल प्रेमियों ने फाइनल मुकाबले के हर पल का भरपूर आनंद लेते हुए खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। विशिष्ट अतिथि खरोरा सरपंच वीणा कमलेश चंद्राकर ने कहा कि शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होने के लिए खेल जरुरी है।

### गुड शेफर्ड स्कूल में मनाया गया प्री-क्रिसमस उत्सव

**महासमुंद।** गुड शेफर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल में प्री-क्रिसमस उत्सव बड़े हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया तथा विद्यार्थियों में विशेष उमंग देखने को मिली। कार्यक्रम की शुरुआत में शाला के डायरेक्टर डॉ जॉर्ज रावटे एवं डॉ अनिता रावटे द्वारा आशीष वचन दिया गया एवं सबके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।नन्हे-मुन्ने पीपी-1 के बालक-बालिकाओं द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुति से हुई, जिसे रीना मैम द्वारा प्रशिक्षित किया गया था। इसके पश्चात बबीता सिंग, शिवानी गंडेचा और दीपा कुमार के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने प्रभु यीशु मसीह के जन्म पर आधारित एक सुंदर एवं भावपूर्ण नाटिका प्रस्तुत की, जिसने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। नर्सरी के विद्यार्थियों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं पीपी-2 के बच्चों ने अपनी नृत्य प्रस्तुति से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। इसके अतिरिक्त कक्षा छठवीं के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नृत्य कार्यक्रम भी सराहनीय रहा और बारहवीं के छात्र छात्राओं द्वारा केरल सॉन्ग गाया गया एवं ग्यारहवीं के छात्र छात्राओं द्वारा नाटक की प्रस्तुति दी गई। ग्यारहवीं बारहवीं के छात्राओं द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया राष्ट्रीय किसान दिवस, अन्नदाताओं का हुआ सम्मान

**महासमुंद।** पूर्व प्रधानमंत्री और किसानों के मसीहा स्व. चौधरी चरण सिंह की जयंती पर मंगलवार को ग्राम बम्हनी स्थित धान उपार्जन केंद्र में राष्ट्रीय किसान दिवस का आयोजन किया गया। प्राथमिक कृषि सहकारी समिति बम्हनी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के किसानों का स्वागत और सम्मान किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत किसानों के तिलक वंदन से हुई। समिति के पदाधिकारियों ने उपस्थित किसानों को श्रीफल भेंटकर उनके कठिन परिश्रम के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। इस दौरान केंद्र में उत्सव जैसा माहौल रहा। इस अवसर पर स्व. चौधरी चरण सिंह की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। चर्चा के दौरान बताया गया कि किस प्रकार उन्होंने अपना पूरा जीवन किसानों के उत्थान और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में समर्पित कर दिया। कृषि सुधारों के लिए किए गए ऐतिहासिक कार्यो को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सोसायटी के प्राधिकृत अध्यक्ष रामेश्वर पांडेय, प्रबंधक हेमलाल साहू, गजेंद्र यादव, चम्मेश्वर साहू, तुला राम साहू, प्रेमलाल गायकवाड़, नाथू राम साहू, मंत राम यादव, शिव कुमार साहू और दिनेश साहू सहित बड़ी संख्या में स्थानीय किसान उपस्थित रहे।



## मचेवा में सर्व समाज ने सामूहिक रूप से मनाई गुरु घासीदास जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सतनाम धर्म के प्रवर्तक गुरु घासीदास बाबा की 269 वीं जयंती सांई वाटिका मचेवा में 22 दिसंबर को मोहल्लेवासियों ने सतनामी समाज के साथ सम्मिलित होकर सादगी पूर्ण से मनाईं। जिसमें प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष विजय बंजारे व जिला सचिव रेखराज बघेल, नूतन कुर्रे महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, जिला कार्यकारिणी सदस्य घनश्याम जांगड़े, अमृता जांगड़े अतिथि के तौर पर शामिल हुए।

बालिका पंथी टोली नांदगांव के साथ रैली निकाली गई। तत्पश्चात पूरे मोहल्लावासी गुरु वंदना आरती कर स्तुति किया। पंडित तुलेश्वर घृतलहरे ने सतनाम भजन व प्रवचन कर गुरु बाबा के संदेश का श्रवणपान कराया। इस बीच जिलाध्यक्ष विजय बंजारे से आयोजन समिति को शुभकामनाएं देते हुए अधिकारी कर्मचारी को समाज की प्रमुख आधार बताया। रेखराज बघेल ने छत्तीसगढ़ के साथ पूरे भारतवर्ष में विशिष्ट व अति विशिष्ट व्यक्तियों, राजनीतिक जनप्रतिनिधियों, विभिन्न सामाजिक संगठन व अलग-अलग जाति धर्म के लोगों ने गुरु पर्व पर सतनाममय वातावरण निर्मित करने की बखान करते हुए गुरु घासीदास बाबा के सतनाम आंदोलन की स्मरण दिलाने की बात कही। दिल्ली, मुंबई, राजस्थान,असम, ओडिशा, पश्चिम बंगाल जैसे विभिन्न राज्यों में जहां-जहां सतनामी निवासरत है, वहां-वहां गुरु घासीदास जयंती का आयोजन किया जा रहा है। वास्तव में यह सतनाम नवजागरण काल की शुरुआत की शुभ संकेत है। बिलासपुर की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने तो बाकायदा बाबा की तस्वीर के साथ पथ संचलन किया है। बस समाज के लोगों से निवेदन है कि जयंती पर्व को नाच गम्मत और आर्केस्ट्रा जैसे कार्यक्रम कराकर विचारहीन ना बनाएं। इस अवसर पर सामूहिक गुरु प्रसादी (भंडारा) का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में भंडारी रामनारायण जांगड़े, आनंद कुर्रे, अरविंद सोनवानी, शत्रुघन भारती, अश्वनी जोशी, जितेंद्र चतुर्वेदी, चंद्रिका प्रसाद चेलक, प्रमोद भास्कर, रंजीता जांगड़े पूर्व जनपद सदस्य, गीता सिन्हा, खिलेश साहू, अश्वनी सोनवानी, जानकी जोशी, पुष्पलता भारती, सत्यवती टंडन, राजेंद्र मार्कंडेय, ज्ञानेंद्र मार्कंडेय, अशोक कोशले, भीमसेन साहू, गिरधर पटेल, किरण कन्नौजे, आरके तिवारी, वरिष्ठ नागरिक मिश्रा, रावत, दिलीप तिवारी, बसंत महानंद व मोहल्लेवासी शामिल रहे।



### अरंड में प्रशासन गांव की ओर के तहत लगा समाधान शिविर

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम अरंड के पंचायत भवन में सुशासन तिहार 2025 के तहत प्रशासन गांव की ओर जिला स्तरीय समाधान शिविर 11 बजे से 03 बजे तक आयोजित किया गया था। जिसमें मुख्य अतिथि ब्रम्हानंद पटेल उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पिथौरा थे। शिविर में प्रमुख रूप से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पिथौरा योगेश्वरी बर्मन, तहसीलदार, डीएल बरिहा डीओ, शिविर प्रभारी ममता देवांगन, उमेश दीक्षित सहायक आंत. करारोपण अधिकारी रहे। मंच संचालन द्वारिका पटेल ने किया। इस अवसर पर सरपंच डिगंबर पटेल, उपसरपंच युवराज पटेल, समन्वयक रोहिणी देवांगन, स्थानीय पंचगण, नागरिकगण, जिला व जनपद के विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारीगण, 31 पंचायत के सरपंच व सचिवगण मौजूद रहे।



### युवा कलाकार युवा महोत्सव में शामिल होने रवाना

**महासमुंद।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य स्तरीय युवा महोत्सव वर्ष 2025-26 का आयोजन बिलासपुर में 23 से 25 दिसंबर 2025 तक किया जा रहा है। जिसमें महासमुंद जिले के 12 विधाओं में कलाकार शामिल हो रहे हैं। इस अवसर पर जिला स्तर पर महासमुंद के चयनित युवा कलाकारों के दल को अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर महासमुंद से बिलासपुर के लिए रवाना किया। राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में जिले के युवा कलाकार लोकनृत्य, पंथी नृत्य, सुआ नृत्य, लोकगीत, वाद-विवाद, कहानी लेखन, चित्रकला, कविता लेखन, नवाचार, एकांकी नाटक, पारंपरिक वेशभूषा एवं रॉक बैंड सहित कुल 12 विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। चित्रकला में ऋतिक पहारिया, कविता लेखन में गुलशन साव बसना, साइंस मेला में गरिमा कन्नौजे पिथौरा, पारंपरिक वेशभूषा में चांदनी साहू महासमुंद, कहानी लेखन में रेशम लाल पटेल पिथौरा, वाद विवाद में डिंपल डड़सेना अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। विधा वार दल प्रभारी अंजुलि जैन, भूपेंद्र कुमार साहू, योगराज चौहान, शिवम आर्य, कमलेश्वरी ध्रुव, प्रीति साहू, हेमलता साहू, उर्वशी साहू, रूप लाल साहू एवं नोडल अधिकारी दिलीप कुमार लहरे खेल अधिकारी पीजी कॉलेज शामिल हैं। जिले के कलाकारों को अच्छे प्रदर्शन करने के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर रवि साहू, सचिन भूतड़ा, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग शिल्पा साय, जिला समन्वयक रेखराज शर्मा, सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, अमित हिषिकर, गौरव चंद्राकर, सुरेंद्र मानिकपुरी, डॉ. सुनील कुमार भोई, डॉ. विकास अग्रवाल, अवनीश वाणी, वसुंधरा साहू, अशोक चक्रधारी आदि ने हर्ष जताया।

## सरेकेल में एक दिवसीय व्यक्तित्व परिष्कार शिविर का किया गया आयोजन

# बच्चों को नशा नहीं करने और स्वस्थ रहने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

गायत्री शक्तिपीठ के तत्वावधान में ग्राम सरेकेल के ग्राम पंचायत भवन एवं उच्च माध्यमिक शाला परिसर में एक दिवसीय व्यक्तित्व परिष्कार शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में कक्षा पांचवीं से बारहवीं तक के लगभग 130 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम सरपंच राजकुमारी साहू द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद के वरिष्ठ परिजन एलके मेश्राम ने गायत्री परिवार के संस्थापक पं. श्रीराम शर्मा आचार्य एवं माता भगवती देवी शर्मा के जीवन, उद्देश्य तथा गायत्री परिवार के मिशन एवं सप्त आंदोलन पर संक्षिप्त एवं प्रेरक उद्बोधन दिया। शक्तिपीठ से पधारी ब्रह्मवादिनी बहनों द्वारा प्रज्ञा गीत प्रस्तुत कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। हीरालाल साहू ने गायत्री मंत्र के महत्व एवं उसके जीवन पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों पर प्रकाश डाला तथा पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित नवयुग के संविधान का वाचन किया गया। पश्चात गरिमा, प्रेमलता एवं खेमिन द्वारा बच्चों को ज्ञानवर्धक एवं जीवनोपयोगी बातें बताई गईं। प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों को खेलकूद के माध्यम से जीवन जीने की कला सरल रूप में समझाई गई। वहीं कक्षा आठवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से नशा न करने, स्वस्थ रहने, जीवन प्रबंधन, स्मरण शक्ति एवं एकाग्रता (सीटिंग पावर) बढ़ाने संबंधी जानकारी नरेश साहू द्वारा दी गई।

### 30 बच्चों को निःशुल्क गर्म कपड़े वितरित

कार्यक्रम में गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद से एल.के. मेश्राम, हीरालाल साहू, बोधराम साहू, रिखीराम साहू, नरेश साहू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ग्राम झलप से दिलीप चंद्राकर तथा ग्राम सरेकेल से करण बरिहा, परमानंद, देवी सिंह दीवान, नारायण सिंह ठाकुर, नारायण साहू, भूषण लाल साहू, वेदराम बरिया, भुवन लाल साहू, पिपेश्वर ध्रुव, प्रधान पाठक भोजराम ध्रुव, सनतन बरिहा, देवकी साहू, रेवती बरिहा, रथराम साहू सहित ग्राम पंचायत के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। शिविर में उपस्थित सभी बच्चों को किसी भी प्रकार का नशा न करने का संकल्प दिलाया गया। साथ ही प्राथमिक शाला सरेकेल के 30 बच्चों को निःशुल्क गर्म कपड़े वितरित किए गए। कार्यक्रम के अंत में भुवन साहू द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम व्यवस्था में सरपंच राजकुमारी साहू द्वारा चाय-नाश्ते की तथा जीतराम खड़िया द्वारा माइक व्यवस्था की गई। ग्राम पंचायत पदाधिकारियों एवं ग्रामवासियों का कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा।

**खबर संक्षेप**



### महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष बनीं प्राची

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के प्राची चंद्राकर को राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन के महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश चंद्र द्विवेदी, छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष रोशन दुबे द्वारा छग प्रदेश महिला महामंत्री मोहिनी शर्मा की अनुशंसा के बाद नियुक्ति दी गई है। ग्राम पंचायत खरोरा के सरपंच वीणा कमलेश चंद्राकर, कृष्ण कुमार चंद्रकर प्रदेश प्रभारी, दुर्गेश्वर प्रसाद शर्मा प्रदेश महामंत्री, देवीचंद राठी, शरद मराठा, धर्मेंद्र ठाकुर आदि ने हर्ष जताया है।



### गणित के मूलभूत क्रियाओं को बताया

**अरंड (पिथौरा)।** मुख्यमंत्री गुणवत्ता अभियान के तहत संकुल केंद्र ठकुरदियाखुर्द के प्रभारी प्राचार्य अक्षय कुमार साहू द्वारा संकुल के विभिन्न प्राइमरी और मिडिल स्कूल में गणित को रुचिकर एवं सरल बनाने के लिए छात्रों को गणित विषय की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। इसके लिए प्राचार्य ने छात्रों को बताया कि किस प्रकार रोजमर्रा हम गणित का प्रयोग करते है। बच्चों को धाराप्रवाह पहाड़ा याद करने के लिए प्रेरित किया गया। गणित की मूलभूत क्रियाओं जोड़ना, घटाना, गुणा और भाग को सरल तरीके से बच्चों को बताया।

**बैठक : कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक, धान खरीदी व एसआईआर की ली जानकारी**

# लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय योजनाओं की विस्तृत समीक्षा कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने समय-सीमा की बैठक लेकर संचालित कार्यक्रमों एवं की। बैठक में प्रशासन गांव की ओर अभियान, मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम, धान खरीदी की प्रगति, अवैध परिवहन नियंत्रण, ई-केवाईसी एवं आवास योजनाओं सहित अन्य विषयों पर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी, सभी विभागीय जिलाधिकारी, जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ तथा वीसी के माध्यम से ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने प्रशासन गांव की ओर अभियान की समीक्षा करते हुए आयोजित शिविर में ग्रामीण क्षेत्रों में बैंक, आरटीओ एवं आधार कार्ड से संबंधित शिविर लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि आसपास के ग्रामीण अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में भाग लें तथा आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि इस माह तक सभी स्वीकृत कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण किए जाएं। जनपद सीईओ, आरईएस एवं पीडब्ल्यूडी विभाग को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी कर्मचारियों की दैनिक उपस्थिति के लिए आधार आधारित उपस्थिति प्रणाली अनिवार्य होगी तथा 01 जनवरी से सभी शासकीय पत्रों का आदान प्रदान ई-ऑफिस के माध्यम से कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।




धान खरीदी व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिला नोडल अधिकारी प्रत्येक सप्ताह भौतिक सत्यापन अनिवार्य रूप से करें, विशेषकर शनिवार एवं रविवार को। जिन राइस मिलों का डीओ कट चुका है, वहां से उठाव सुनिश्चित किया जाए। बोगस उठाव पाए जाने पर संबंधित प्रबंधक के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही राइस मिल्स का भी पीवी ऐप के माध्यम से सत्यापन करने के निर्देश दिए गए। धान खरीदी में छोटे एवं सीमांत किसानों को प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर ने धान उठाव को लेकर भी निर्देश दिए कि मिलरों एवं परिवहन एजेंसियों के समन्वय से निर्धारित लक्ष्य के अनुसार नियमित एवं सुचारू उठाव सुनिश्चित किया जाए। उठाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। उन्होंने लोडिंग के दौरान पूरी प्रक्रिया का शॉर्ट वीडियो बनाने कहा।

**सांसद खेल महोत्सव की तैयारियों की ली जानकारी**

कलेक्टर ने बैठक में सांसद खेल महोत्सव की तैयारियों की भी समीक्षा की। अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। यह खेल महोत्सव 24 एवं 25 दिसंबर को महासमुंद स्थित वन विभाग के खेल परिसर में आयोजित होगा। साथ ही सिरपुर महोत्सव 2026 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि इस वर्ष आयोजन 1 से 3 फरवरी तक भव्य रूप में किया जाएगा। महोत्सव में प्रसिद्ध एवं स्थानीय कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भव्य प्रस्तुति दी जाएगी। कलेक्टर ने अभी से तैयारी करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर द्वारा जल संचयन अभियान के अंतर्गत अधिक से अधिक जल संवर्धन कार्य किए जाने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि 16,000 स्ट्रक्चर का प्रस्ताव तैयार किया गया है। कलेक्टर ने राशन कार्ड ई-केवाईसी पर समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में अब भी लंबित राशन कार्डों का ई-केवाईसी मिशन मोड में जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि राशन वितरण के दौरान लाभार्थियों को बुलाकर वहीं बायोमेट्रिक सत्यापन किया जाए और मृत व अनुपलब्ध सदस्यों का विलोपन किया जाए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत आवास स्वीकृति, निर्माण प्रगति, लंबित प्रकरण, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किश्त के भुगतान तथा जियो-टैगिंग की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। साथ ही उन्होंने अपार आईडी शिविर लगाने, शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा पीएम जनमन, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जन चौपाल, समय-सीमा पत्रक और राजस्व प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## सावित्रीपुर टीम ने जीती ड्यूज गेंद क्रिकेट प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

ग्राम बरडीह में आयोजित 12 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला सावित्रीपुर ने जीता। फाइनल मैच गौरटेक के साथ खेला गया। जिसमें सावित्रीपुर ने 77 रन से विशाल जीत दर्ज की। ड्यूज गेंद से खेले गये इस प्रतियोगिता में समापन समारोह के मुख्य अतिथि संगम सेवा समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल थे। उन्होंने खिलाड़ियों को शारीरिक स्वास्थ्य के लिए खेल की आवश्यकता के बारे में बताया। विशिष्ट अतिथि के रुप में फुलझर क्रिकेट संघ के उपाध्यक्ष मनोज नंद, प्रसिद्ध मृदंग बाहक रोहित प्रधान, जनपद सदस्य उद्धव नंद, कृष्णा साहू, पीसीएस कोषाध्यक्ष गिरजा शंकर स्वर्णकार, सदस्य किरोटी स्वाईं, खेल प्रशिक्षक हेमंत बारिक, अंपायर रामकुमार, तुलाराम आदि मौजूद थे। प्रतियोगिता में 132 रन 8 विकेट लेने के लिए अमित मिर्धा को मैन ऑफ द टूर्नामेंट, फाइनल मैच के मैन आफ द मैच गौरीशंकर, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज अमित मिर्धा, गेंदबाज हेमसागर भोई, कीपर लोकनाथ, फील्डर शंभू रहे।




## कसहीबाहरा में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई बाबा गुरु घासीदास की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

विकासखंड पिथौरा अंतर्गत ग्राम कसहीबाहरा में सतनाम धर्म के प्रवर्तक, परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास की 269वीं जयंती श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित शोभायात्रा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जिससे पूरा गांव भक्तिमय वातावरण में सराबोर नजर आया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जनपद उपाध्यक्ष मुकेश यादव रहे, जिन्होंने बाबा गुरु घासीदास के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर एवं जैतखाम की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मुकेश ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास का संदेश मनखे-मनखे एक समान आज भी पूरी मानवता के लिए प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि बाबा ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर समाज में व्याप्त ऊंच-नीच और भेदभाव को मिटाने का कार्य किया। उनके विचारों को केवल नारों तक सीमित न रखकर व्यवहार में उतारने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सतनाम पंथ का मार्ग सत्य का मार्ग है और इसी मार्ग पर चलकर एक समरस व सशक्त समाज का निर्माण संभव है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच खेदुराम पटेल ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सतनामी समाज के अध्यक्ष भानूप्रताप नौरंगी, उपसरपंच रेवाराम पटेल, पूर्व सरपंच युगल किशोर यादव, पूर्व सरपंच जयराम पटेल, टिकेश्वर यादव, रघुनंदन पटेल, ऋषि पटेल, केशव बंजारे, दुलार दास बंजारे, दया दास बंजारे, धर्मलाल बंजारे, ओमप्रकाश बंजारे, प्रेमचंद कोसले, नरेंद्र नौरंगी, गौतम बंजारे, डेरा नौरंगे सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।






## स्वान यूथ क्लब का गौ सेवा अभियान

**महासमुंद।** स्वान यूथ क्लब महासमुंद द्वारा गौ सेवा के प्रति जनजागरुकता बढ़ाने और पशु संरक्षण के लिए समर्पित एक विशेष गौ सेवा अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ लोहिया चौक से हुआ, जो शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए ग्राम मचेवा तक हुआ। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने बड़े उत्साह के साथ गौ सेवा कार्यों में भाग लिया एवं समाज में करुणा, सेवा और संरक्षण का संदेश दिया। स्वान यूथ क्लब के अध्यक्ष निलेश तिवारी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में क्लब के प्रमुख पदाधिकारी उपाध्यक्ष अनुशील अग्रवाल, कोषाध्यक्ष हिमांशु साहू, सचिव एवं मीडिया प्रभारी ग्रंथ चोपड़ा तथा सह सचिव साहिल शर्मा उपस्थित रहे। क्लब के सदस्य लक्ष्य यादव, गुलशन चंद्राकर, भविष्य चंद्राकर, आनंद साहू, लकी, डेविड, नागेंद्र और सुधीर यादव, सोहन साहू ने भी अपनी सेवाएं एवं सहयोग देकर कार्यक्रम को सफल बनाया। अध्यक्ष निलेश ने बताया कि स्वान यूथ क्लब लगातार सामाजिक कार्यों और पशु सेवा जैसे अभियानों के माध्यम से लोगों में सद्भाव और जागरूकता फैलाने के लिए तत्पर है। उन्होंने सभी सदस्यों के समर्पण और प्रयत्नों की प्रशंसा करते हुए आगे भी समाजसेवा के कार्य जारी रखने का संकल्प दोहराया। इस पहल की स्थानीय नागरिकों एवं गौ-सेवा समितियों ने सराहना की और स्वान यूथ क्लब को समाज सेवा का प्रेरणास्त्रोत बताया।

## धान खरीदी केंद्रों पर किसानों की मेहनत पर डाका: मानिक


हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा सरकार किसानों के साथ खुलेआम धोखा कर रही है। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मानिक साहू ने बसना ब्लॉक के विभिन्न धान खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। किसानों ने खुद शिकायत की कि किसान मिलर्स की खरीदी लिमिट बेहद कम रखी गई है, जिससे उनकी सालभर की मेहनत बर्बाद हो रही है। केंद्रों पर धान बेचने की दैनिक सीमा इतनी कम है कि ज्यादातर किसान टोकन तक नहीं पा रहे और मजबूरन कम दाम पर व्यापारियों को धान बेचने को विवश हैं। निरीक्षण के दौरान बसना, छांदनपुर और गड़फुलझर खरीदी केंद्रों पर किसानों ने खुलासा किया कि तौलाई में बड़े पैमाने पर धांधली हो रही है। प्रति बोरी 41 किलो 200 ग्राम तक अधिक तौलकर किसानों का धान लूटा जा रहा है। यह सीधी किसानों की जेब पर डाका है। भाजपा सरकार के इशारे पर चल रहे ये केंद्र किसानों की उपज को कम वजन दिखाकर लाखों रुपये का नुकसान पहुंचा रहे हैं। इस निरीक्षण में किसान कांग्रेस प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेश मुकर्जी, प्रदेश सचिव देवेंद्र पटेल, विनोद चौहान, नवदीप चंद्राकर, पुष्पसागर, पिंकू चौहान, भागीरथी दास सहित कई किसान नेता और खरीदी केंद्रों में मौजूद किसान उपस्थित थे। सभी ने एक स्वर में भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों की कड़ी निंदा की। किसान कांग्रेस अध्यक्ष मानिक साहू ने कहा, भाजपा ने चुनाव में 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदी का वादा किया था, लेकिन सत्ता में आते ही किसानों को ठगने का खेल शुरू कर दिया। कम लिमिट, धांधली भरी तौलाई और अव्यवस्था से किसान परेशान हैं। अगर सरकार ने तुरंत सुधार नहीं किया तो किसान कांग्रेस सड़कों पर उतरेगी और बड़ा आंदोलन करेगी। प्रदेशभर में धान खरीदी में इसी तरह की शिकायतें आ रही हैं, टोकन नहीं मिलना, बफर लिमिट ओवर होने से खरीदी रुकना और तौल में घपला। भाजपा सरकार किसानों के साथ विश्वासघात कर रही है। कांग्रेस हमेशा किसानों के साथ खड़ी है और उनकी हर लड़ाई लड़ेगी।



## सुशासन सप्ताह के तहत तुसदा में लगा शिविर

**महासमुंद।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की दूरदर्शी सोच के अनुरूप सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भीखम सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष जिला पंचायत, अध्यक्षता नैन पटेल जिला पंचायत सदस्य, विशिष्ट अतिथि मंडावी सीईओ जनपद पंचायत बागबाहरा, दिव्या उपेंद्र दीवान रहे। कार्यक्रम का प्रथम चरण में शिविर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुसदा में लगा। जहां आम जनमानस की समस्याओं के एक ही मंच पर त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। ग्रामीणों की समस्याओं जैसे पक्की सड़क, कृषि, पशुपालन, मछली पालन, उन्नत खेती, आवास, रोजगार एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं पर संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर ही समाधान किया गया। कार्यक्रम में भुवन लाल साहू भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री, भूषण नामदेव सहित भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



### निखिलकांत ने किया नवीन स्वीप मशीन का शुभारंभ

**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने पार्षदों की उपस्थिति में नेहरू चौक में नवीन स्वीप मशीन की पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। यह मशीन साफ सफाई के लिए उपयोग में लाई जाएगी। जिससे मुख्य मार्ग सहित अन्य मार्गों की बेहतर ढंग से सफाई होगी व कार्य में गति भी आएगी। नपाध्यक्ष साहू ने कहा कि स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। कम समय में सड़कों की सफाई से नागरिकों व राहगीरों को धूल से निजात मिल पाएगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सभापति ज्योति रिंकू चंद्राकर, धनेंद्र चंद्राकर पार्षद, नीरज चंद्राकर पार्षद, प्रीति बादल मक्कड़ पार्षद, दिलीप चंद्राकर प्रभारी राजस्व, वाहन प्रभारी सुरेश तिवारी आदि उपस्थित थे।

## पूर्व जनपद उपाध्यक्ष ने किया क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

ग्राम गड़बेडा के खेल मैदान में स्व दुष्यंत साहू की स्मृति में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मुकेश यादव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच प्रतिनिधि लोकनाथ नायक ने की। मुख्य अतिथि यादव ने विधिवत पूजन कर एवं प्रतीकात्मक बैटिंग कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया।

उद्घाटन मैच के दौरान उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त की। मुख्य अतिथि मुकेश ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल हार-जीत का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की सशक्त पाठशाला है। ग्रामीण अंचलों में छिपी प्रतिभाओं को मंच देने में ऐसे आयोजन मील का पत्थर साबित होते हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जामपाली के पूर्व सरपंच जगत देवदास, उपसरपंच मोहित यादव एवं लालाराम नाग उपस्थित रहे। वहीं पंचों में विमला धृतलहरे, दुर्गा ध्रुव, योगेश साहू, मेहतर प्रजापति, सोमनाथ पटेल सहित गोपी यादव, कौसर रोहिल्ला, राहुल अजमानी, सुदर्शन, रमेश प्रधान, जगदीश प्रधान एवं रामदास मानिकपुरी की उपस्थिति रही।



**विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित, खेल सामग्री भी वितरित**

# भोरिंग में विकासखंड स्तरीय खेल स्पर्धा, युवाओं ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के मार्गदर्शन में 21 दिसंबर को विकासखंड स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम पंचायत भोरिंग में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम उपस्थित अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं श्रद्धापूर्वक माल्यार्पण कर किया गया। प्रतियोगिता के अंतर्गत पुरुष वर्ग में कबड्डी, दौड़ एवं गोला फेंक तथा महिला वर्ग में रस्साकशी, दौड़ एवं गोला फेंक जैसी विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। विकासखंड के विभिन्न ग्रामों एवं यूथ क्लबों से आए युवाओं ने उत्साह एवं खेल भावना के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लीला साहू (सरपंच, ग्राम पंचायत भोरिंग), जनकु साहू सरपंच प्रतिनिधि भोरिंग, डॉ. सुनील भोई, शिक्षक परमानंद साहू, मुक्षय साहू (हमर पुरखा संस्था) वेदप्रकाश, सतीश कुमार तथा मेरा युवा भारत से अशोक चक्रधारी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग कबड्डी में प्रथम महासमुंद, द्वितीय छपोराडीह, तृतीय जय मां चंडी बिरकोनी, 200 मीटर दौड़ में प्रथम अक्षय विशाल (भोरिंग), द्वितीय प्रकाश खैरवार (कुहरी), तृतीय पूनम साहू (अछोला), गोला फेंक में प्रथम आशीष सोनवानी (भोरिंग), द्वितीय बोधराम (भोरिंग), तृतीय सूर्यकांत साहू(भोरिंग), महिला वर्ग रस्साकशी में प्रथम बेलसोंडा, द्वितीय भोरिंग, तृतीय बिरकोनी युवा मंडल, 100 मीटर दौड़ में प्रथम प्रांजली साहू, द्वितीय ममता धीवर (भोरिंग), तृतीय प्रियंका साहू, गोला फेंक में प्रथम विजेता जोशी (भोरिंग), द्वितीय मेघना चंद्राकर, तृतीय डिगेश्वरी साहू रहे। सभी विजेता प्रतिभागियों को मोमेंटो, पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

साथ ही यूथ क्लबों की टीमों को खेल सामग्री भी वितरित की गई। प्रतियोगिता में रेफरी के रूप में डॉ. सुनील भोई, डोलेश होता, रामेश्वरी दीवान, सेवन साहू, अभिषेक पाल धीवर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रासेयो स्वयं सेवक दिनेश कुमार साहू, भूपेश कुमार, पवन साहू, राहुल साहू, गौतम साहू, जुगेश्वर साहू, विष्णुराम पाईक एवं उमेश सेन का विशेष सहयोग रहा।

### बाबा ने समानता और भाईचारे का मार्ग दिखाया: तुषार

**महासमुंद।** ग्राम भोरिंग में आयोजित गुरु घासीदास जयंती में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। कार्यक्रम में समाज के प्रतिनिधियों द्वारा चंदन, फूल माला पहनकर स्वागत किया। इस अवसर पर ग्रामीणों के बीच पहुंचकर बाबा गुरु घासीदास को श्रद्धापूर्वक नमन किया और उनके आदर्शों को स्मरण किया। समारोह को संबोधित करते हुए तुषार साहू ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने मनखे-मनखे एक समान का अमर संदेश देकर पूरी मानवजाति को सामाजिक समरसता, समानता और भाईचारे का मार्ग दिखाया। उनका विचार आज भी समाज को जोड़ने और भेदभाव रहित व्यवस्था की प्रेरणा देता है। प्रमुख रूप से जेपी कुरील, डॉ उदय राम साहू, डॉ तुलसीराम साहू, आजू राम साहू, गिरधर, पोखन ढीढी, सतीश, पराग, अत्यधिक संख्या में सामाजिक पदाधिकारी व ग्रामीण उपस्थित रहे।

